भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs.100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

कार्यालय वरिष्ठ कोषाधिकारी 14 MAR 2024 बुलन्दशहर

NOTARY DEEPAK SINGH Advocate BULANDSHAHR (U.P.) REGD. No. 22371 EXP 3-9-25 GOVT. OF INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

GD 349892

## त्रिपक्षीय अनुबन्ध पत्र (Tripartite Agreement)

सहमति पत्र अर्थात्

पटेल प्रोपमार्ट प्रा०लि०(RERA NO. UPRERAAFT11731) 508 ट्रेडेक्स टावर सैकिन्ड अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट ग्रेटर नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर, पिन – 201308 (उत्तर प्रदेश) **....प्रथम पक्ष।**

व

श्री लक्ष्मण सिंह पुत्र श्री भूरी सिंह निवासी– सी –33 गली नं० –1 रामनगर, कंकर खेड़ा , मेरठ। **....द्वितीय पक्ष।**

व

ऋषभ आनन्द पुत्र श्री शिवा नन्द निवासी– 251/A चौक मोहल्ला कंकर खेड़ा , मेरठ। **....तृतीय पक्ष।**

NOTARY DEEPAK SINGH Advocate BULANDSHAHR (U.P.) REGD. No. 22371 EXP 3-9-25 GOVT. OF INDIA

यह कि मैं प्रथम पक्ष रजिस्टर्ड प्रॉपर्टी डीलर हूँ। दिनांक 30.03.2024 को द्वितीय पक्ष श्री लक्ष्मण सिंह पुत्र श्री भूरी सिंह निवासी– सी –33, गली नं० –1, रामनगर, कंकर खेड़ा , मेरठ , अपने पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह के साथ मुझ प्रथम पक्ष के पास आये और कहा कि मैं अपने मकान/प्लॉट 300 वर्ग गज में से खाली प्लॉट/सम्पत्ति खसरा संख्या – 1016 प्लॉट नं० – 06 नंगला ताशी कासमपुर परगना व तहसील जिला मेरठ (वर्तमान पता – सी–33 गली नं० –01 रामनगर कंकर खेड़ा , मेरठ) में से आधा खाली प्लॉट मय आंशिक निर्माण अर्थात् 150 वर्ग गज अर्थात 125.41 वर्गमीटर पूर्णतया बेचना चाहता हूँ, क्योंकि मैंने दूसरी जगह सम्पत्ति ली है, जिसमें मुझे रूपये पैसे की सख्त जरूरत है, जमीन बिना किसी विवाद के मेरे नाम है, स्वत्व की श्रृखलां पूर्ण है, कोई खरीददार हो तो बता

..जारी...2

Lasxman Singh

देना। वैसे आजकल गलियों में जमीन का मन्दा चल रहा है। तब मुझ प्रथम पक्ष ने अपनी डायरी दैनिक नन्दनी में देखा और द्वितीय पक्ष को बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व मार्च 2024 में एक युवक तृतीय पक्ष मेरे पास आये थे और कहा था कि मेरे पापा को उनके विभाग से कुछ ऐरियर मिलने वाला है और वह मुझे जमीन खरीदकर देना चाहते है, इसलिए आप कोई पन्द्रह से बीस लाख रूपये तक की कोई जमीन हो तो तलाश देना। तब प्रथम पक्ष ने द्वितीय पक्ष से कहा कि मैं आप की जमीन बिकवा दूंगा और खरीददार को 02.04.2024 को बुला लूंगा और आप भी आ जाना , बैठकर मेरी उपस्थिति में दोनों सौदा कर लेना। मेरा जो कमीशन हो वह मुझे दे देना तब दोनों पक्ष मुझ प्रथम पक्ष की उपस्थिति में 02.04.2024 को आये और द्वितीय पक्ष अपने समस्त कागजात उक्त खाली प्लॉट/सम्पत्ति से सम्बन्धित लाये तब दोनों पक्षों ने मेरी उपस्थिति में यह तय पाया कि वर्तमान में इस जगह पर सर्किल रेट 10,000/- रूपये प्रति वर्ग मीटर का भाव चल रहा है, यह सब जानते हुए दोनों पक्षों में मुझ प्रथम पक्ष की उपस्थिति में ही सौदा तय करके 12,000/- रूपये प्रति वर्ग गज मय आंशिक निर्माण संलग्न नक्शानुसार अर्थात् कुल 18,00,000/- रूपये (अठारह लाख रूपये) में बेचना /खरीदना तय कर दिया और यह दाम मुझ प्रथम पत्र की राय में उचित है और विक्रेता के पक्ष में है तथा तृतीय पक्ष ने अग्रिम रूप से 20,000/- रूपये मेरे समक्ष नगद अदा कर दिये और यह तय पाया गया कि शेष रकम अन्दर तीन माह अदा कर तृतीय पक्ष, द्वितीय पक्ष से बैनामा करा लेगा। बैनामा कराने से हीला हवाली (आना कानी) करने पर तृतीय पक्ष न्यायालय के माध्यम से उक्त खाली प्लॉट मय आंशिक निर्माण पर त्वरित एक पक्षीय निषेधाज्ञा पाने व बैनामा निष्पादित कराने का अधिकारी होगा। इस तहरीर/त्रिपक्षीय अनुबन्ध से दोनों पक्ष पाबन्द रहेंगे। प्रश्नगत खाली प्लॉट का विवरण निम्न प्रकार से है:-

खाली प्लॉट 150 वर्ग गज अर्थात 125.40 वर्ग मीटर खसरा संख्या- 1016 प्लॉट नं०- 06 नंगला ताशी कासमपुर परगना व तहसील जिला मेरठ (वर्तमान पता-सी-33 गली नं०- 01 रामनगर कंकर खेड़ा, मेरठ) पूर्ण मकान/प्लॉट 300 वर्ग गज में से आधा मय आंशिक निर्माण संलग्न नक्शानुसार

**चौहद्दी-**

**पूरब**- मकान श्रीमती सुशीला देवी, हितेश, कृति कुमार पत्नी व पुत्रगण वेद प्रकाश।

**पश्चिम**- शेष मकान/प्लॉट 150 वर्ग गज लक्ष्मण सिंह पुत्र भूरी सिंह।

..जारी...3

NOTARY DEEPAK SINGH Advocate BULANDSHAHR (U.P.) REGD. No. 2237 EXP 3-9-25 GOVT. OF INDIA

Laxman Singh

**उत्तर**– 20 फीट सन् लगभग 1990 से विलुप्त रास्ता(जो सन् लगभग 1990 से विक्रेता लक्ष्मण सिंह पुत्र भूरी सिंह के कब्जे में है और उक्त कीमत में ही विक्रय पत्र की दिनांक से क्रेता के कब्जे में होगा) बादहू मकान प्रभात शील मॉडल टाउन कालोनी।

**दक्षिण**– 20 फीट रास्ता गली नं० –01 रामनगर।

**लम्बाई**– 60 वर्ग फीट X **चौड़ाई** 22.5 वर्ग फीट।

तारीख, आंशिक निर्माण का नक्शा संलग्न है।

13.05.2024

प्रथम पक्ष | द्वितीय पक्ष | तृतीय पक्ष

For Patel Propmart Pvt. Ltd.
Auth. Signatory

Laxman Singh

**गवाहान**–

Pushpender Singh

1. पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह, निवासी– सी–33 गली नं०–01 रामनगर कंकर खेड़ा, मेरठ।
2. नरेन्द्र पाल राणा पुत्र श्री गंगा सहाय निवासी– 17A, गली नं०–01 रामनगर कंकर खेड़ा, मेरठ।
3. सीता राम पुत्र श्री राम स्वरूप, निवासी– 638/216, न्यू सैनिक कालोनी कंकर खेड़ा, मेरठ।

Sita Ram

NOTARY
DEEPAK SINGH
Advocate
BULANDSHAHR (U.P.)
REGD. No. 22371
EXP 3-8-25
GOVT. OF INDIA

ATTESTED

DEEPAK SINGH
Notary
Bulandshahr (U.P.)
13/05/24


SRN-620 13/05/24

Map/Part of Tripartite Agreement dated 13.05.2024

SITE PLAN OF 1/2 PART OF RESI. PLOT / HOUSE NO.- 33
SITUATED AT C-BLOCK, NANGLA TASHI KASAMPUR,
PRESENT RAM NAGAR . GALI NO.- 1 . KANKAR KHERA. MEERUT.

| PARTICULAR | SQ .MTR |
|---|---|
| LAND | 125.41 |
| COVD. TIN SHADE | 15.00 |




NOTARY
DEEPAK SINGH
GOVT. OF INDIA

ATTESTED

20/05/24

DEEPAK SINGH
Notary
Bulandshahr (U.P.)